Live हिन्दुस्तान.com

चक्रधरपुर के आसनतलिया पंचायत के आसनतलिया आदिवासी टोला में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए ग्रामीण पहले से ही सतर्क हैं। गांव के मुख्य द्वार पर बांस की बल्ली लगा रखा हैं। साथ ही बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दिया हैं। आदिवासी टोला के ग्रामीण सोसल डिस्टेसिंग को पालन कर रहे हैं। अभी तक इस गांव में किसी को भी होम कोरेंटाइन पर नहीं रखा गया हैं। ग्रामीणों ने बैठक में निर्णय लिया हैं कि गांव के जो भी युवक बाहर से आयेंगे वे गांव से बाहर ही रहेंगे। उन्हें भी गांव में नहीं घुसने दिया जायेगा। वहीं हंडिया बेचना भी बंद रखा हैं।

पानी भरने में भी महिलाएं बरत रहीं सोसल डिस्टेंसिंग: सोनुवा प्रखंड के गोलमुंडा पंचायत के धोलाबनी आदिवासी गांव में ग्रामीण सोसल डिस्टेसिंग का पूरा ध्यान रख रहे हैं। चाहें चापाकल से पानी भरने की हो या राशन लेने का। ऐसे में गांव के ग्रामीण बिना काम के घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। दोपहर में गांव पूरी तरह से सन्नाटा हो जा रहा हैं। बहुत ही कम लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। गांव के मास्क या गमछा तथा महिलाएं कपड़ा बांध कर ही घ बाहर निकल रही हैं।